## महत्वपूर्ण एवं खास

### मिशन वात्सल्य योजना: रिक्त पदों पर भर्ती हेतु अंतिम सूची जारी

**रायगढ़।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत मिशन वात्सल्य के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई के रिक्त 2 संविदा पद, किशोर न्याय बोर्ड के रिक्त 01 संविदा पद, बाल संप्रेक्षण गृह के 7 संविदा पर तथा चाईल्ड हेल्प लाईन के 8 संविदा पदों की भर्ती हेतु अंतिम सूची (चयन सह प्रतीक्षा सूची)को रायगढ़ जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in तथा कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास रायगढ़ के सूचना पटल में अवलोकन कर सकते है।

### पूरक पोषण आहार निर्माण के लिए मंगाए गए आवेदनों पर पात्र-अपात्र सूची जारी

#### 4 जून तक मंगाए गए दावा-आपत्ति आवेदन

**रायगढ़।** सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत पूरक पोषण आहार व्यवस्था अंतर्गत रेडी टू ईट एवं फोर्टिफाईड आटा का परियोजना स्तर पर स्थापित यूनिट के माध्यम से निर्माण एवं आपूर्ति हेतु महिला स्व-सहायता समूह का चयन किए जाने हेतु आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों से पात्र व अपात्र एवं अंकों का विवरण सूची का प्रकाशन किया गया है। उक्त सूची के आधार पर महिला स्व-सहायता समूह अपना दावा-आपत्ति आवेदन 4 जून 2025 सायं 5.30 बजे तक जिला स्तरीय चयन समिति को कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रायगढ़ में रजिस्टर्ड डाक/कोरियर के माध्यम से अथवा स्वयं कार्यालय में सीधे प्रस्तुत कर सकते है। दावा-आपत्ति हेतु पात्र/अपात्र एवं अंकों का विवरण सूची कार्यालय के सूचना पटल व जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अवलोकन कर सकते है।

### ग्राम टेकापानी में नक्सलियों का डम्प बरामद

**कांकेर (आरएनएस)।** सुन्दरराज पी.(भा.पु.से.) पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर, अमित तुकाराम कामले (भा.पु.से.) उप महानिरीक्षक कांकेर रेंज कांकेर,विपुल मोहन बाला उप महानिरीक्षक बीएसएफ सेक्टर कन्हारगांव (भानुप्रतापपुर) के मार्गदर्शन आई.के.एलिसेला (भा.पु.से.) पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सलियों के विरूद्ध लगातार नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है। दिनांक 30 मई 2025 को नक्सल गस्त, सर्चिंग के दौरान पुलिस फोर्स को मिली बड़ी सफलता। थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेकापानी के जंगल में डीआरजी/जिला बल एवं 30/40वीं वाहिंनी बीएसएफ द्वारा संयुक्त नक्सल गस्त एरियाडॉमिनेशन के दौरान माओवादियों द्वारा डम्प किया हुआ बीजीएल सेल विस्फोटक सामग्री, नक्सली वर्दी एवं मेडिकल सामग्री तथा दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया। सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से माओवादियों द्वारा ग्राम टेकापानी व बडग़ांव के मध्य जंगल में डम्प किया गया था। माओवादियों द्वारा कोयलीबेड़ा से ताडोकी के मध्य निर्माणाधीन सडक़ में सुरक्षा ड्यूटी में लगने वाले सुरक्षा बलों को जानमाल की क्षति पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर बीजीएल जैसे घातक विस्फोटक, दवाईयां एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री को छुपाकर रखा गया था।

# एकमुश्त वितरित किए जाने वाले राशन भंडारण की हो पर्याप्त व्यवस्था: कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी

- गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन जल्द पूर्ण करने के निर्देश
- उद्योगों में सुनिश्चित किया जाए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम
- मानसून से पहले विभाग वृक्षारोपण की तैयारियां कर लें पूरी
- कलेक्टर चतुर्वेदी ने ली समय-सीमा की बैठक

**रायगढ़**





कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा की। हितग्राहियों को जून माह में अगले तीन माह का राशन एकमुश्त दिया जाएगा। इसके लिए अनाज का भंडारण किया जाना है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सभी एसडीएम को राशन दुकानों से वितरित होने वाले अनाज भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश दिए। शहरी क्षेत्र के लिए खाद्य विभाग को नगर निगम आयुक्त के साथ समन्वय करते हुए राशन भंडारण के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन कार्य के बारे में जानकारी ली। सीएमएचओ ने बताया कि पूरे जिले में अभियान के माध्यम से गर्भवती महिलाओं के सर्वे का काम चल रहा है। कलेक्टर चतुर्वेदी ने कहा कि महिलाओं को चिन्हित करने के साथ ही उनके स्वास्थ्य जांच और पोषण आहार की लगातार मॉनिटरिंग की जाए। यह न केवल उस महिला बल्कि होने वाले बच्चे के स्वास्थ्य के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग के बारे में सीजीएम उद्योग विभाग से कहा कि सभी उद्योगों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य रूप से लगा हो यह सुनिश्चित करवाएं। सभी अधिकारियों को अपने कार्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए निर्देशित किया। नगरीय क्षेत्रों में भवनों में भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर चतुर्वेदी ने निर्माण एजेंसीज से उनके प्रोजेक्ट्स के प्रगति के बारे में एक-एक कर जानकारी ली।

जनदर्शन में आए आवेदनों के निराकरण कर चर्चा करते हुए कलेक्टर चतुर्वेदी ने लंबित आवेदनों के बारे में विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने प्रभारी अधिकारी से कहा कि विभागों से समन्वय करते हुए आवेदनों को समय से निराकृत करवाएं, साथ ही निराकरण की गुणवत्ता भी स्वयं देखें। कलेक्टर चतुर्वेदी ने राजस्व अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि न्यायालय दिवसों में अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहें। प्रतिवेदन देने में लेट लतीफी करने वाले पटवारियों पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि राशन दुकान संचालन में अनियमितता पर तत्काल कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी प्रकार की देरी या कोताही नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने गाडिय़ों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के बारे में जिला परिवहन अधिकारी से जानकारी ली। बताया गया कि रोज कैंप लगाकर नंबर प्लेट के लिए पंजीयन का काम चल रहा है। फिटमेंट की स्पीड बढ़ाने के लिए उच्च कार्यालय से चर्चा की गई है। कलेक्टर चतुर्वेदी ने नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। आगामी मानसून में वृक्षारोपण के लिए विभागीय तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर चतुर्वेदी ने कहा कि सभी विभाग पौधरोपण के लिए तैयारी पूरी रखें ताकि बारिश शुरू होते ही पौधे लगाने का कार्य प्रारंभ किया जा सके।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर रवि राही, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मामूली विवाद पर घर घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले आरोपी गिरफ्तार, पुसौर पुलिस ने भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**



ज़िले के पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ठाकुरपाली गांव में मामूली विवाद ने उग्र रूप ले लिया, जहां कुछ लोगों ने घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया। इस मामले में पुसौर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

थाना पुसौर में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, 14 मई 2025 को भगालू चौहान (52 वर्ष) निवासी ठाकुरपाली ने थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई कि 13 मई की रात करीब 10:30 बजे गांव में उसके बेटे का हमउम्र लड़के से विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर रात्रि में त्रिनाथ प्रधान, प्रहलाद प्रधान, पुस्तम यादव और एक अन्य किशोर ने मिलकर भगालू चौहान के घर का दरवाजा तोड़ते हुए जबरन घर में प्रवेश किया और उसकी बहन को अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने घर में रखे मोटरसाइकिल, कुर्सी, बल्ब और अलवेस्टर को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। बीच-बचाव करने पर भगालू चौहान और उसके बेटे के साथ भी मारपीट की गई और धमकी देते हुए आरोपी फरार हो गए।

घटना की शिकायत पर थाना पुसौर में अपराध क्रमांक 140/2025 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(6), 324(4), 351(2), 296, 3(5) BNS के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। जांच अधिकारी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर तोड़फोड़ की गई वस्तुओं का नुकसान पंचनामा तैयार किया गया।

इस प्रकरण में आरोपी त्रिनाथ प्रधान (61 वर्ष), प्रहलाद प्रधान (35 वर्ष), पुस्तम यादव (24 वर्ष) को गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें रिमांड पर भेज दिया गया है।

## तमनार में भाई ने की बड़े भाई की हत्या, पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रायगढ़**



ज़िले के तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कठरापाली में 1 जून की रात को एक युवक की हत्या के मामले में तमनार पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक ओमप्रकाश कुर्रे (25) की हत्या उसके ही छोटे भाई अजय कुर्रे ऊर्फ पिंटू (18) ने घर में विवाद के दौरान की थी। आरोपी ने लोढ़ा (पत्थर) से सीने पर कई वार कर बड़े भाई की जान ले ली थी। घटना के बाद आरोपी को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जहां उसने अपराध स्वीकार कर लिया।

थाना प्रभारी आर्शीवाद राहटगांवकर को 2 जून की सुबह हत्या की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर टीम के साथ ग्राम कठरापाली पहुंचकर शव का पंचनामा किया गया। मृतक के घर से ही शव बरामद हुआ और मौके पर मौजूद सुरेश रात्रे की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज किया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि 1 जून की रात 10 से 11 बजे के बीच आरोपी और मृतक के बीच झगड़ा हुआ था। इसी दौरान अजय ने लोढ़ा से वार कर भाई की हत्या कर दी। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि शाम को शराब के नशे में गाली-गलौच के चलते झगड़ा हुआ था, जो देर रात फिर बढ़ गया और इसी झगड़े में उसने हत्या कर दी।

पुलिस ने आरोपी के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त लोढ़ा (पत्थर) को बरामद कर लिया है। मामले में अपराध क्रमांक 111/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 238(क), BNS के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजते हुए जेल दाखिल किया गया है।

पूरे मामले में तमनार पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की जा रही है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन तथा डीएसपी साइबर सेल अनिल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राहटगांवकर के साथ प्रधान आरक्षक विपिन पटेल, हेमन पात्रे, हेम प्रकाश सोन, आरक्षक पुरूषोत्तम सिदार और मनोहर मिंज की सक्रिय भूमिका रही।

‘मोर गाँव, मोर पानी’ महा-अभियान

## जल संरक्षण की दिशा में जिले में चलाया जा रहा व्यापक अभियान

- ग्राम पंचायत स्तर पर निकाली गई जन जागरूकता रैली, दिलाई गई जल संरक्षण की शपथ
- लोगों ने श्रम दान करते हुए जलस्रोतों की सफाई, सोखता गड्ढा का भी किया निर्माण

**रायगढ़**




कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में ‘मोर गाँव, मोर पानी’ महा-अभियान के तहत जिले के 07 विकासखंडों में जल संरक्षण की दिशा में एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक गांव में जल संरक्षण के तरीकों को अपनाना और बढ़ावा देना है, ताकि जल के विवेकपूर्ण उपयोग की आदतें आमजनों के मन में विकसित हो और भविष्य में होने वाले जल संकट से बचा जा सके।

इसका उद्देश्य जल के प्रत्येक बूंद को सहेजने और जल के उचित उपयोग के लिए जागरूकता पैदा करना है। इस अभियान में वर्षा जल संचयन, सोखता गड्ढे, वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप गड्ढा और वृक्षारोपण जैसे उपाय शामिल हैं। मोर गांव मोर पानी अभियान से छत्तीसगढ़ में जल संरक्षण और प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभियान के माध्यम से जल संरक्षण और जल के उचित उपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ रही है और जल संकट को कम करने में मददगार साबित हो रही है। जिले विकासखंडों में कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) के सहयोग से ग्राम पंचायत स्तर पर जन जागरुकता रैली, जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत पदाधिकारियों सरंपच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक के साथ-साथ उपस्थित ग्रामीणों एवं महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा जल संरक्षण की दिशा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अपने कंधो पर ली।

अभियान के तहत पूरे जिले के 549 ग्राम पंचायतों को 28 क्लस्टर में विभाजित किया गया है, प्रत्येक ब्लॉक में 4-4 क्लस्टर बनाये गए है जिनमे क्रमश: 02 जून 7 क्लस्टर, 03 जून 7 क्लस्टर, 04 जून 7 क्लस्टर एवं 05 जून 7 क्लस्टर को प्रशिक्षण आयोजित होंगे। प्रथम चरण में जिले के 07 क्लस्टर में कार्यक्रम 02 जून को आयोजित हुए है। जिसमे ज़िले के 138 पंचायत सम्मिलित थे। उपरोक्त प्रशिक्षण में कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, तकनीकी सहायक सचिव, रोजगार सहायक, सीएलएफ की दीदियाँ एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस दौरान गांव के सरपंच, उपसरपंच के अलावा जनपद क्षेत्र के सदस्य एवं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में पीपीटी के माध्यम से जीआईएस मैप दिखाते हुए लोगों को जानकारी दी गयी कि आपका ग्राम की भौगोलिक संरचना कैसी है, कहां-कहां पर किस किस टाइप के जल संरक्षण संबंधी कार्य किये जा सकते है जिससे भूल जल संरक्षण में भागीदारी सिद्ध हो। उक्त क्रम में तालाबों के निर्माण, गहरीकरण, डबरी कुँवा, सोखता गड्ढा, कंटूर ट्रेंच, गेबियान स्ट्रक्टर, मिट्टी की सिंचाई नाली, बोल्डर चेक डैम, प्लांटेशन कार्य आदि संरचनाओं की विस्तार से जानकारी दी जो कि जल एवं मृदा संरक्षण कार्यो में सर्वाधिक उपयोगी है। रिज टू वेली कांसेप्ट को विस्तार से समझाया गया। प्रशिक्षण उपरान्त प्रतिभागियों द्वारा रैली एवं जल संरक्षण के नारे लगाए गए साथ ही श्रम दान करते हुए जलस्रोतों की सफाई एवं सोखता गड्ढा निर्माण भी किया गया।

## नॉन एलाइड सर्विस से आईएएस बनने कई अधिकारी अजमाएंगे भाग्य

- उद्योग, महिला बाल विकास, जनसंपर्क से आए आवेदन

**रायपुर । आरएनएस**

राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के गैर प्रशासनिक संवर्ग (नॉन एलाइड सर्विस) को आईएएस ऑवार्ड देने के लिए आवेदन मंगाए हैं। नॉन एलाइड सर्विस के दो अधिकारी शारदा वर्मा और अनुराग पाण्डेय अवकाश ग्रहण कर चुके हैं, इसलिए यहां दो पद रिक्त हैं। नॉन एलाइड सर्विस के अधिकारी आईएएस बनने के लए अपना भाग्य अजमाएंगे।

मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार राज्य शासन द्वारा प्रशासनिक सेवा के अधिकारी डिप्टी कलेक्टरों को निर्धारित सेवाओं के बाद आईएएस ऑवार्ड दिया जाता है। राज्य में अजय अग्रवाल, हीना नेताम, संतोष अग्रवाल, अशुतोष पाण्डेय, रोक्तिमा यादव सहित 12 अधिकारियों को आईएएस ऑवार्ड दिया गया है। इन अधिकारियों को राज्य शासन के अनुशंसा पर डीपीओटी मंत्रालय द्वारा ऑवार्ड दिया गया है। वर्तमान में ये अधिकारी मसूरी स्थित संस्थान में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वे 12 जून को लौटकर आएंगे। इसके पश्चात नई पदस्थापना में पदभार ग्रहण करेंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार, उद्योग विभाग, जनसंपर्क विभाग, जीएसटी विभाग सहित अन्य विभागों में जिन अधिकारियों की सेवा 8 वर्ष हो चुकी है तथा इनका सीआर अच्छा है, उनसे आवेदन मंगाया गया है। राज्य में इस समय गैर प्रशासनिक सेवाओं के दो पद रिक्त हैं। निर्धारित तिथि से यह आवेदन लिए जाएंगे।

## सेंटरिंग सामान किराए में देकर आय अर्जित कर रही महिला समूह

- पीएम आवास अब महिला समूहों के रोजगार का भी बन रहा साधन

**रायगढ़**



जिले में जहां बड़े पैमाने पर लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है तो वहीं आवास निर्माण से रोजगार के अवसर भी सृजित हुए है। इसी कड़ी में गांव के महिला समूहों को आय अर्जित करने का एक सुनहरा अवसर भी मिलने लगा है। समूह की महिलाएं पीएम आवास जहां निर्मित हो रहे है वहां सेंटरिंग सामान किराए पर देकर अच्छी खासी आय अर्जित कर रही है, जिससे उनका जीवन स्तर में सुधार भी हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि सुधा महिला ग्राम संगठन बड़े हल्दी चंद्रहासिनी महिला संकुल संगठन मिड़मिड़ा विकासखण्ड पुसौर द्वारा वर्ष 2019 में 10 महिला समूह को जोड़कर गठन किया गया था, जिसमें प्रवेश शुल्क व हिस्साधन व प्रत्येक समूह से बचत कर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उक्त संगठन में अब 18 समूह मिलकर कुल 200 महिला जुड़ चुकी हैं। वर्तमान में सुधा महिला ग्राम संगठन ने 4 लाख 20 हजार रुपए का लोन संकुल संगठन मिडमिड़ा सीआईएफ से लेकर आवास निर्माण में लगने वाले सेंटरिंग सामान की खरीददारी कर उसे किराए पर देकर आजीविका कर रहे है।

समूह की महिलाओं ने कहा कि जिले में बड़े पैमाने पर पीएम आवास स्वीकृत करने से रोजगार के अवसर सृजित होने एवं बिहान योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता मिलने से उनकी आजीविका को नया आयाम मिला है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं से आज समूह के लगभग 200 महिलाओं को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहे है।

## तबादला नीति, खाद-बीज एवं सुशासन तिहार की समीक्षा करेंगे मुख्यमंत्री

- डीएपी खाद की कमी, प्रामाणिक बीज की आपूर्ति पर चर्चा
- स्पष्ट तबादला नीति बनाने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग कर रहा मसौदा तैयार

**रायपुर । आरएनएस**

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कल 4 जून को कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में रखी गई है। इसमें डीएपी की कमी, मानसून की स्थिति, सुशासन तिहार की समीक्षा सहित तबादला नीति अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

मुख्यमंत्री सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार कल 4 जून को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे कैबिनेट की बैठक महानदी मंत्रालय में होगी। बैठक का कोई अधिकृत एजेंडा जारी नहीं किया गया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार प्रदेश में डीएपी खाद की कमी को लेकर चर्चा होगी। केन्द्र सरकार द्वारा खाद के आबंटन में कटौती कर दी गई है, जिसके कारण यहां किसान सहकारी समितियों का चक्कर काट रहे हैं। कृषि विभाग अन्य वैकल्पिक खाद के उपयोग का सलाह दे रहा है। यूरिया एवं अन्य खाद इस समय निर्धारित रेट से ज्यादा मिल रहे हैं। सरकार इस विषय पर चर्चा कर निराकरण का प्रयास करेगी। मानसून में पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण राजस्व विभाग से वस्तुस्थिति की जानकारी दी जाएगी। किसानों को प्रामाणिक बीज उपलब्ध कराने के संबंध में भी विचार विमर्श किया जाएगा। मुख्यमंत्री के सुशासन तिहार की सफलता के बारे में भी चर्चा होने की संभावना है। ज्ञात रहे इस दौरान आए आवेदनों का बड़ी संख्या में निराकरण कर दिया गया है।

**नई तबादला नीति पर भी हो सकता है विचार -** नई तबादला नीति पर भी चर्चा हो सकती है। राज्य में पिछले कई दिनों से शासकीय कर्मचारी तबादला नीति को लेकर सरकार की आलोचना कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जो कि उच्च शिक्षा तथा शिक्षा विभाग के मंत्री है, इस समय अंतर जिला, जिला तथा संभाग स्तर पर आए शिक्षकों को स्थानांतरण को लेकर आवेदनों का निराकरण करना चाहते हैं। इसके लिए शिक्षा संचालक, संयुक्त संचालक तथा जिला शिक्षा अधिकारियों को अलग-अलग अधिकार दिया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग इस संबंध नीतिगत निर्णय लेगा। इस समय महिला बाल विकास उद्योग,खनिज तथा अन्य विभागों में ट्रांसफर के लिए लोग प्रयास कर रहे हैं। पुलिस विभाग में नियमानुसार स्थापना बोर्ड बनाया गया है। इसमें सिपाही से कर निरीक्षक तक का स्थानांतरण का अधिकार पुलिस महानिदेशक को दिया गया है। इस समय नक्सल क्षेत्र जिले में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी, सामान्य जिलों में आना चाहते हैं, इसके लिए नियम कानून बनाए गए हैं। इस समय विधायक एं भाजपा कार्यकर्ता पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग सहित अन्य विभाग में जमे अधिकारियों का हटाने के लिए दबाव बनाए हुए हैं।

**सुशासन अभिशरण-ऊर्जा विभाग की समीक्षा -** मुख्यमंत्री जो कि ऊर्जा विभाग के भार साधक मंत्री हैं, आज मंत्रालय पहुंचकर वस्तुस्थिति की जानकारी ले रह हैं। सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध चर्चा करेंगे। इसमें प्राप्त जन शिकायतों का निराकरण किया जाता है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480